ओ३म्

[...न्धानमाला—पुष्प १]

... इतिहास नहीं है

[...istory in the Vedas]

(...के अध्ययन का फल)

(...२४० प्रमाणों सहित)

लेखक :

हंसराज, भूतपूर्व रिसर्च स्कालर

और

पुस्तकाध्यक्ष, डी० ए० वी० कालेज रिसर्च लाईब्रेरी, लाहौर

तथा

विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान,

साधु आश्रम, होश्यारपुर (पंजाब)

प्रकाशक :

श्री स्वामी सर्वानन्द जी

अध्यक्ष :

दयानन्द मठ, दीनानगर, जि० गुरदासपुर (पंजाब)

प्राप्तिस्थान—

१. मैनेजर, विश्वेश्वरानन्द पुस्तक भण्डार,
P. O. साधु आश्रम, होश्यारपुर (पंजाब)।

२. सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दयानन्द भवन,
रामलीला मैदान, नई दिल्ली-१।

३. गोविन्दराम हासानन्द, आर्य बुक-सेलर, नई सड़क, दिल्ली।

मूल्य : २ रुपये

❀ ओ३म् ❀

[वैदिक अनुसन्धानमाला—पुष्प १]

वेद में मानुष इतिहास नहीं है

[No Human History in the Vedas]

(अनेक वर्षों के अध्ययन का फल)

(१०० ग्रन्थों के २४० प्रमाणों सहित)

लेखक :

हंसराज, भूतपूर्व रिसर्च स्कालर

और

पुस्तकाध्यक्ष, डी० ए० वी० कालेज रिसर्च लाईब्रेरी, लाहौर

तथा

विश्वेश्वरानन्द वैदिक शोध संस्थान,

साधु आश्रम, होश्यारपुर (पंजाब)

प्रकाशक

श्री स्वामी सर्वानन्द जी

अध्यक्ष

दयानन्द मठ, दीनानगर, जि० गुरदासपुर (पंजाब)

प्राप्तिस्थान—

१. मैनेजर, विश्वेश्वरानन्द पुस्तक भण्डार,
P. O. साधु आश्रम, होश्यारपुर (पंजाब)।

२. सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दयानन्द भवन,
रामलीला मैदान, नई दिल्ली-१।

३. गोविन्दराम हासानन्द, आर्य बुक-सेलर,
नई सड़क, दिल्ली।

मूल्य : रुपये

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ नं.	शुद्ध	अशुद्ध
७	वैजयन्ती	वेजयन्ती
८	आसत	आस्त
१७	निरूपण	निरूपणं
१९	Muir's	Mouier's
२०	Monier	Mouier
२४	निविदध्याय	निविद्ध्याय
२७	तांम्रा	ताम्रा
३५	निरुक्त-समुच्चय:	निरुक्त-समुच्च:
३६	कामवासनायाम्	कामावासनायाम्
३९	Monier Williams	Mouier Williams
४२	शुष्णं	शुष्ण
४६	सातवलेकर	सातव लेकर

वेद में मानुष इतिहास नहीं है ।

वेद में भूतकाल-द्योतक कई वाक्य हैं और वेदों के व्याख्यान-रूप ब्राह्मण-ग्रन्थों में अनेक आख्यान, उपाख्यान आते हैं जिन को इतिहास भी कहा गया है। उन से सच मुच के मानुष इतिहास की आशंका हो सकती है । परन्तु प्राचीनतम वेद-व्याख्यान-रूप वेद की शाखाओं और ब्राह्मण ग्रन्थों, निरुक्त तथा मीमांसादि से स्पष्ट ज्ञात होता है कि उन आख्यानादि का वह अर्थ नहीं जो उनके शब्दों से निकलता है। किन्तु दूसरा ही अर्थ है जोकि सृष्टि-क्रम के अनुकूल है। इन आख्यानादि को औपचारिक, औपमिक, गौण, भाक्त आलंकारिक, लाक्षणिक और अर्थवाद कहा गया है। यह आख्यानादि अधिकतर देवताओं के सम्बन्ध में आते हैं जिन को आजकल सचमुच मनुष्यवत् शरीर-धारी और अलौकिक शक्ति-सम्पन्न समझा जाता है । उन का वास्तविक और सम्भव अर्थ भी उन्हीं ग्रन्थों से प्रतीत होता है अर्थात् देवता मुख्यतया परमात्मा और उसके अतिरिक्त चेतन व अचेतन अनेक सांसारिक पदार्थों के भी वाचक हैं—

सर्वेषां वेदवाक्यानां ब्रह्मणि तात्पर्यम् ।

ऐसा शङ्कराचार्य जी का भी आशय है।

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति.........। कठोप १।२।१५ ॥

वेद का तत्त्वार्थ समझने तथा अन्य धार्मिक बातों के लिये इन आख्यान (=पुराण, इतिहास) नामक रोचक परन्तु गौण कहानियों को जानना भी अत्यन्त आवश्यक है जैसे कि यज्ञ और सूर्य रूपी वामन और त्रिविक्रम विष्णु के फैलाव (व्यापकता) बताने के लिये औपचारिक कथानक—

वामनो ह विष्णुरास । शब्रा १।२।५।५ ।।

तथा-पतिव्रत धर्म का महत्त्व दिखाने के लिये सुकन्या, च्यवन और अश्विनौ का औपचारिक आख्यान—

तौ (अश्विनौ) हैनां (सुकन्यां) एत्योचतुः-'कुमारि ! स्थविरो वा अयमसर्वो नालं पतित्वनायावयोर्जायैधी'ति, नेति होवाच (सुकन्यो) यस्मा एव मा पितादात्, तस्य जाया भविष्यामीति । जैंब्रा. ३।१२३ ।। पश्यत-शब्रा ४।१।५।९ ।।

इस आख्यान में अश्विनौ ने सुकन्या के पतिव्रत धर्म की परीक्षा के लिये उसको फुसलाना चाहा कि वह अपने बूढ़े पति को छोड़ कर उन की भार्या बन जाए, परन्तु सुकन्या के पतिव्रत धर्म पर दृढ़ रहने के कारण वह उस से बहुत प्रसन्न हुए और उसके बूढ़े पति को फिर जवान बना दिया। अश्विनौ द्यावा-पृथिवी का नाम है—

इमे ह वै द्यावापृथिवी प्रत्यक्षमश्विनौ ।

शब्रा ४।१।५।१६।।

इसी कारण इन गौण आख्यानों को जानना भी आवश्यक है—

इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत् । बिभेत्यल्प-श्रुताद् वेदो मामयं प्रहरिष्यति ।

महाभारत, आदिपर्व, १।३६७ ।।

वेद और शाखा, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषदों में इस प्रकार के गौण आख्यान बहुत हैं जिन का शाब्दिक अर्थ न लेकर

दूसरा ही अर्थ जो सम्भव अर्थात् प्रत्यक्ष और सृष्टिक्रम के अनुकूल हो, प्राचीनतम ग्रन्थों में लिया गया है। वैदिक वचन प्राय: करके गूढ़ रहस्यमय तथा पहेली रूप ही हैं जिन को ऋषि और तपस्वी ही सुगमता से समझ सकते हैं। दूसरे लोग भी वैदिक ग्रन्थों के अन्वेषण द्वारा पर्याप्त ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं—

मनुष्या वा ऋषिषूत्क्रामत्सु देवानब्रुवन् को न ऋषिर्भविष्यतीति तेभ्य एतं तर्कमृषिं प्रायच्छन्।

॥ निरुक्त १३।१२ ॥

न ह्येषु प्रत्यक्षमस्त्यनृषेरतपसो वा पारोवर्यवित्सु तु खलु वेदितृषु भूयोविद्य: प्रशस्यो भवति।

॥ निरुक्त १३।१२ ॥

छन्दांसि खलु वा एतं नोपनमन्ति, यं मेधा नोपनमति। तैत्तिरीय संहिता ३।४।९।५॥

लोके व्युत्पन्नस्य वेदार्थप्रतीतिः। सांख्यदर्शन ५।४०॥

पाश्चात्य विद्वान् भी इस विषय में सहमत हैं कि सम्पूर्ण वेद का सच्चा और निश्चयात्मक सर्वसम्मत अर्थ अभी तक उन्हें प्राप्त नहीं हो सका। उन में पहेलियां और आलङ्कारिक वचन बहुत हैं—

Even the actual Agni myths have only originated in the metaphorical and enigmatic language of the poets. (Page 89)

We come across such riddles again in the Atharva Veda as well as in the Yajurveda.

(Page 118)

History of Indian Literature, by Winternitz, Vol. 1.

Two of the hymns (of the Rigveda) consist of riddles. One of these (viii 29...) describes various gods without mentioning their names. More elaborate and obscure is a long poem of fifty-two stanzas (I. 164) in which a number of enigmas, largely connected with the sun, are propounded in mystical and symbolic language.

Vedic Reader by Macdonell, Introduction,

p. xxvi

उपर्युक्त वचनों में यजुर्वेद तथा अथर्ववेद के कई स्थल तथा ऋग्वेद १।१६४ तथा ८।२९ को पहेली-आत्मक कहा गया है ॥

......The obscurities and difficulties that still confront the interpreter of the Rigveda. Vedic Reader by Macdonell, Introduction,

page xxxi.

The hymn RV.I. 164, contains a large number of such riddles, most of which unfortunately, we cannot understand. (Page 117).

There are many hymns and very many isolated passages of the Rigveda whose right meaning is still in the highest degree doubtful (Page 69). History. of Indian Literature by Winternitz Vol. 1.

भिन्न २ गुणों और शक्तियों वाला होने के कारण सब देवता प्रधान तथा ईश्वर के ही वाचक हैं—

एव उ ह्येव सर्वे देवा: ।शतपथ–ब्राह्मण

१४।१।२।१२ ।। बृहदाउप १।४।६ ।।

प्रजापतिः सर्वा देवताः । तैत्तिरीय–ब्राह्मण

३।३।७।३ ।। तै सं ३।९।५।३ ।। ७।५।६।३ ।।

यो देवानां प्रभवश्चोद्भवश्च विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः । श्वेताश्वतरोपनिषद् ३।४।।

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः ।

तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः ।

यजु ३२।१ ।।

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गरुत्मान् । एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः । ऋग्वेद १।१६४।४६ ।।

एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम् ।

इन्द्रमेके परे प्राणमपरे ब्रह्म शाश्वतम् ।।

मनु. १२।१२३।।

वरुणनामकः सोमदेवो जगदीश्वराभिन्नः ।
तैत्तिरीय संहिता २।२।८।१ पर सायणभाष्य ।
सृष्टिस्थित्यन्तकरणाद् ब्रह्मविष्णुशिवात्मकाम् ।
स संज्ञां याति भगवानेक एव जनार्दनः ।। विष्णुपुराण
१।२।६३ ।।

इत्यादि और भी अनेक प्रमाण हैं ।।

ईश्वर वाचक होने के अतिरिक्त भिन्न २ देवता जगत् की भिन्न २ शक्तियों वा गुणों आदि के भी वाचक हैं। उनके अङ्गादि की कल्पना भी आलङ्कारिक है—

देवाश्च वाऽअसुराश्च । उभये प्राजापत्याः प्रजापतेः पितुः (=संबत्सरस्य) दायमुपेयुरेतावेवार्धमासौ (शुक्ल-कृष्णपक्षौ) । शतपथब्राह्मण १।७।२।२२।। (देवाः=शुक्ल-पक्षः । असुराः=कृष्णपक्षः) ।

स्तोमा देवाः । जैमिनीय ब्राह्मण १।९०।।
एत एवापि सर्वे देवा यत्स्तोत्राणि । जैब्रा १।२७९ ।।
कतम एते देवा इति, छन्दाꣳसीति
ब्रूयाद् गायत्रीं त्रिष्टुमं जगतीमिति ।
तैत्तिरीय संहिता २।६।९। ३-४।। पश्यत जैब्रा १।३४२।।
या तेनोच्यते साऽस्य देवता भवति ।
कात्यायनकृतसर्वानुक्रमणी । द्वादशकाण्डी परिभाषा
२।५ ।।

या यत्र चोद्यते सा तत्र देवता । न हि जात्या काचिद् देवतास्ति वैदिके व्यवहारे। कात्यायन-श्रौतसूत्र १।२३ 'द्रव्यं देवता त्यागः' पर कर्क भाष्य ।। 'एवमत्राप्यग्निनाम्नो-भयार्थग्रहणे नैव कश्चिद्दोषो भवतीति । अन्यथा कोटिशः श्लोकैस्सहस्रग्रन्थैरपि विद्यालेखपूर्तिरत्यन्तासम्भवास्ति । अतः कारणादग्न्यादिशब्दैर्व्यावहारिक-पारमार्थिकयोर्विद्ययो-र्ग्रहणं स्वल्पाक्षरैः स्वल्पग्रन्थैश्च भवतीति मत्वेश्वरेणाग्न्यादि-प्रयोगाः कृताः । यतोऽल्पकालेन पठन-पाठन-व्यवहारेणाल्प-श्रमेणैव मनुष्याणां सर्वा विद्या विदिता भवेयुरिति । परमकारुणिकः परमेश्वरः सुगमशब्दैस्सर्वविद्योद्देशानुप-दिष्टवान्—इति विज्ञेयम् ।' महर्षिदयानन्दकृत ऋग्वेदादि-भाष्यभूमिका प्रश्नोत्तरविषयः ।

देव= विबुध= पण्डित (विद्वान्)—वैजयन्ती-कोष, त्र्यक्षरकाण्ड, पुल्लिङ्गाध्याय, श्लोक ६६।। मेदिनी कोष, श्लोक ३६।। अमरकोष १।१।७ ।।

विद्वांसो हि देवाः । तस्मादाह—'उशिजो वह्नितमान्' (यजु ६।७।।) इति ।। शब्रा ३।७।३।१० ।। उशिज्=मेधाविन् (=विद्वान्)...निघण्टु ३।१५ ॥

ये ब्राह्मणाः शुश्रुवांसो ऽनूचानास्ते मनुष्यदेवाः । शब्रा २।२।२।६ ।।

घर्मं इन्द्रो राजेत्याह तस्य (इन्द्रस्य) देवा विशः (प्रजाः), ताः (विशः=देवाः) इमऽग्रास्त इति श्रोत्रिया अप्रतिग्राहका उपसमेता भवन्ति तान् उपदिशति (उंगली से उन देवों=श्रोत्रिय=वेदज्ञ विद्वानों की ओर निर्देश करता है)।

देवेभ्यो द्योतनादिकर्मकेभ्यः प्राणेन्द्रियेभ्यः। काठक-गृह्यसूत्र पृष्ठ २९४ ।=लौगाक्षिगृह्यसूत्र, Appendix IV, सरस्वत्यनुवाक सटीक, मन्त्र ५, 'स भगवो न मरिष्यसि ॥'

देवानां रश्मीनाम्। (तैसं १।४।४३।१ भाष्ये सायणः) तथा पश्यत—निरुक्त १३।११,२६॥१२।२९ ॥ तैस ६।४।५।५॥ तैब्रा २।१३ भाष्ये सायणः॥

अग्निरपि रुद्र उच्यते। निरुक्त १०।७॥ तथा पश्यत—मैसं २।१।१०॥ काठसं १०।६॥२४।९॥ कपिष्ठलसं ३५।५॥ शब्रा ५।३।१।१०॥६।१।३।१०॥

इन्द्रः=इन्द्रियवान्=आत्मा—

शब्रा ६।३।२।४॥ अष्टाध्यायी ५।२।९३॥ (इन्द्रियमिन्द्र-लिङ्ग···) पर काशिका टीका।

इन्द्रो वै यजमानः।

शब्रा २।१।२।११॥४।५।४।८॥५।१।३।४॥

स यस्स इन्द्र एष एव स य एष (सूर्यः) एव तपति।

जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण १।२८।२॥१।३२।

इन्द्रः सूर्य इति ।

तांब्रा १४।२।५ सायण भाष्य

ईदृग्भूततेजसा युक्तः सूर्यश्च इन्द्र एव ।

ऋ १।८४।५ पर सायण भाष्य

अथ य स इन्द्रोऽसौ स आदित्यः ।

शब्रा ८।५।३।२॥

इन्द्र=विद्युत् (इन्द्र) =स्तनयित्नु=अशनि=विद्युत्—
स्तनयित्नुरेवेन्द्रः ।

शब्रा ११।६।३।९॥

कतमः स्तनयित्नुरित्यशनिरिति ।

शब्रा ११।६।३।९॥

यदशनिरिन्द्रस्तेन ।

कौषीतकि ब्रा. ६।९॥

विद्युद्वा अशनिः ।

शब्रा ६।१।३।१४॥

—तेन हि वैद्युतेन ज्योतिषा वाय्वावेष्टितेन इन्द्राख्येन ।

निरुक्त २।१६ पर दुर्ग टीका

एता देहे विशेषेण तत्र नित्या हि देवताः । एतास्त्वां सततं पान्तु दीर्घायुरवाप्नुहि ।

सुश्रुत, सूत्रस्थान ५।२५॥

इसकी संस्कृत टीका—

यस्त्विन्द्रो लोके पुरुषेऽहङ्कारः सः । रुद्रो रोषः । सोमः प्रसादः, वसवः सुखम् । अश्विनौ कान्तिः, मरुदुत्साहः, तमो मोहः, ज्योतिर्ज्ञानम् ॥

इत्यादि बीसियों और प्रमाण दिए जा सकते हैं ।

The gods are human in appearance. Their bodily parts are often merely illustrative of the phenomena of nature which they represent Thus the tongue and limbs of the fire-god, Agni, merely denotes his flames. Hymns from the Rigveda by Macdonell, page 11.

The individual gods corresponding to their origin from the personification of natural phenomena (page 32) since there are many phenomena, and hence many gods, (p.33). Rigveda by Kaegi.

The Indra's dragon-fight refers to some powerful natural phenomenon (p. 83): History of Indian Literature by Winternitz, Vol. I.

......Indra, Varuna, Mitra, Aditi, Visnu, Pusan, the two Asvins, Rudra and Parjanya. These gods' names, too originally, indicated natural phenomena, and natural beings. (Page 75).

History of Indian Literature by Winternitz, Vol- I.

In the hymns (RV 5.80.5-6 and 6.64.1-3) ---- . -- in magnificent metaphors which are intended to depict the splendour of the rising dawn (p. 91).

History of Indian Literature, by Winterniz, Vol. I.

Without the Vedic evidence we should not know, for instance, what was the original nature of the Greek gods... . the evidence, however, shows that many at least of the Greek gods must have been personifications of natural phenomena (p 59). Lectures on Comparative Philology, by Prof. A A. Macdonell, 1926, published by the Calcutta University.

And this is chief reason why Vedic mythology has so often proved a master-key to open some of

the secret chambers of other mythological systems, whether of Greeks and Romans, or of Polynasians and Melanasians (Page 335). Essays on Mythology and Folklore by Max Muller.

अर्थात् यूरोपियन विद्वान् भी इस बात को मानते हैं कि प्रायः सभी देशों के देवतावादों के सम्बन्ध में यदि यह जानना हो कि अमुक-अमुक देवता जगत् की किस-किस शक्ति वा पदार्थ का रूपक है तो इसके लिए केवल वैदिक देवतावाद ही परम सहायक है। उनको यह भी समझ लेना चाहिए कि सर्व प्रथम वेदों ने ही सर्व सांसारिक शक्तियों और पदार्थों के ज्ञान-विज्ञान को देवतावाद क सरल और रोचक आलङ्कारिक ढंग में वर्णन किया और साथ ही वेदों के व्याख्याकार प्राचीनतम ऋषियों ने वेद की (तैत्तिरीय, काठक, कपिष्ठल, मैत्रायणी) शाखाओं और ब्राह्मण-ग्रन्थों, आरण्यकों, उपनिषदों, निघण्टु और निरुक्त ने यह बात सुरक्षित कर दी कि अमुक देवता अमुक सांसारिक शक्ति वा पदार्थ का वाचक है। जिन जातियों को वेद और उनके उपर्युक्त प्राचीन व्याख्यान प्राप्त न हो सके उन्होंने सचमुच के लोकोत्तर शक्तियुक्त शरीरधारी आधुनिक देवताओं को मान लिया और उनके सम्बन्ध में गौण और सृष्टि-सम्बन्धी नित्य इतिहास को सच्चा मानुष इतिहास भी मान लिया। काल्पनिक कहानियों द्वारा लौकिक नीति वा धर्मनीति का उपदेश करना विद्वानों का ढंग रहा है और अभी तक है। उदाहरण के लिये पञ्चतन्त्र, हितोपदेश, Esop's Fables तथा मुंशी प्रेमचन्द के सामाजिक उपन्यासों का नाम लिया जा सकता है। कई धर्माचार्यों ने भी parables अर्थात् काल्पनिक कहानियों का प्रयोग किया है। यदि इन कल्पित कहानियों को कोई सच्चा इतिहास मान ले तो इसमें कहानी कहने वा बनाने वाले का

दोष नहीं। दोष केवल सुनने वाले का है। 'यह पुरुष सिंह है' इसका तात्पर्य उस पुरुष को शूर और वीर बताना है। जो पुरुष ऐसा न समझ कर उस पुरुष को सचमुच का सिंह समझे व यह कहे कि यदि यह सिंह है तो उसकी पूंछ कहां है? तो ऐसा कहने वालों को बुद्धिमान् नहीं कहा जा सकता।

वेद और वैदिक ग्रन्थों में आलङ्कारिक वचन बहुत हैं। अतः उनका मुख्य (शाब्दिक) अर्थ न लेकर गौण अर्थ ही लेना चाहिये। यदि मुख्य अर्थ प्रत्यक्ष (अर्थात् सृष्टि क्रम) के विरुद्ध (असम्भव) हो तो—

अविद्यमानवचनात् ॥३८॥ अचेतनेऽर्थबन्धनात् ॥३९॥ अभिधानेऽर्थवादः ॥४६॥

पूर्वमीमांसा १।२।३८,३९,४६॥

इस पर शबर भाष्य—

यज्ञसमृद्धये साधनानां चेतनसादृश्यमुपपादयितुकाम आमन्त्रणशब्देन लक्षयति—ओषधे त्रायस्वैनमिति शृणोत ग्रावाण इति ॥

'एवमोषधे त्रायस्व', 'शृणोत ग्रावाण' इत्याद्यचेतन-सम्बोधनानि स्तुतिपरत्वेन योजनीयानि ॥

तथा महाभाष्य ४।१।२५ भी देखो।

आस्यादिकल्पना दृष्टव्यभिचारित्वाद् ग्रावप्रभृतिषु न सम्भवति।

'सुखं रथं......' (ऋ १०।७५।९) इति नदीस्तुतिः। ......न ह्युदकात्मिकाया नद्या वहन्त्या रथेऽवस्थानं सम्भवति। (निरुक्त ७।७ पर दुर्गटीका)।

इन्द्रादयोऽप्यपुरुषविधाः। (निरुक्त ७।७ पर दुर्ग टीका)।

अह्नां वा शक्यत्वात्। (कात्यायन श्रौतसूत्र १।१४६॥)

इस पर कर्क भाष्य—

मुख्यार्थसम्भवे गौणी वृत्तिराश्रीयते॥

न ह्यसत्यपि सम्भवे मुख्यस्यैवार्थस्य ग्रहणमिति कश्चिदाज्ञापयिता विद्यते। ब्रह्मसूत्र ४।३।१४—

'न च कार्ये प्रतिपत्त्यभिसन्धिः' पर शांकर भाष्य॥

(पूर्वपक्षः)—मरणकाले वागादयः प्राणा अग्न्यादीन् देवान् गच्छन्तीति दर्शयति—'यत्रास्य पुरुषस्य मृतस्याग्निं वागप्येति वातं प्राणः। (बृहदा. उप. ३।२।१३॥) इत्यादिनेति चेत्।

(उत्तरपक्षः)—न भाक्तत्वात्। वागादीनां गतिश्रुतिर्गौणी। लोमसु केशेषु चादर्शनात्। ओषधीर्लोमानि वनस्पतीन् केशाः। (बृहदा. उप. ३।२।१३॥) इति हि तत्राम्नायते। न हि लोमानि केशाश्चोत्प्लुत्यौषधीर्वनस्पतींश्च गच्छन्तीति सम्भवति। ब्रह्मसूत्र ३।१।४—

'अग्न्यादिगतिश्रुतेरिति चेन्न भाक्तत्वात्' पर शांकर भाष्य॥

तथा चाग्निब्राह्मणयोर्मुखजन्यत्वं क्वचिदर्थवादे समाम्नायते—'स मुखतस्त्रिवृतं निरमिमीत, तमग्निर्देवताऽन्वसृज्यत,......ब्राह्मणो मनुष्याणाम्, अजः पशूनाम्।

जैमिनीय न्यायमाला १।४।२४॥ अधिकरण १४॥

न हि मुख्ययैव वृत्त्या लोके शब्दाः प्रवर्तन्ते, गौण्याऽपि वृत्त्या व्यवहारदर्शनात्। एवं वेदेऽपि तेषां तथा प्रयोगो भविष्यति।

न्यायमंजरी जयन्त भट्टकृत, आह्निक ४

(वेदे) अर्थवादप्रामाण्यसमर्थनम्। बहु भक्तिवादीनि ब्राह्मणानि सन्ति। निरुक्त ७।२४॥

इस पर स्कन्दमहेश्वर टीका—बहु भक्त्या उपचारेण वदन्ति॥

अर्थवादवाक्य हि स्वार्थप्रतिपादने प्रयोजनाभावाद् विधेयनिषेधयोः प्राशस्त्यनिन्दितत्वे लक्षणया प्रतिपादयति।......यथाऽऽदित्यो यूपः। इत्यादि यूपे आदित्याभेदस्य प्रत्यक्षबाधितत्वादादित्यवदुज्ज्वलत्वरूपगुणोऽनेन लक्षणया प्रतिपाद्यते। अर्थसंग्रह, लौगाक्षिकृत॥

'आदित्यो यूपो भवति' इति। अत्राऽऽदित्यपदेन आदित्यवर्ण उच्यते। आदित्यस्य यूपत्वासम्भवात्।

रामकृष्णभट्टाचार्यविरचितपूर्वमीमांसाधिकरणकौमुदी, प्रकरण ४९॥

द्विविधा हि शब्दवृत्तिः। मुख्या गौणी चेति।.........
यत्र मुख्यासम्भवस्तत्र गौण्याश्रीयते।

पूर्वमीमांसा १।२।३४,४६॥ पर रामेश्वरसूरि कृत वृत्ति॥

तस्मान्मुख्यविधिसम्भवे लक्षणया न स्तुतिः प्रतिपत्तव्येति। 'विधिर्वा स्यादपूर्वत्वाद्वादमात्रं ह्यनर्थकम्।'
पूर्वमीमांसा १।२।२०॥ इस सूत्र पर कुमारिल कृत तन्त्रवार्तिक टीका।

सम्भवति च मुख्येऽर्थे लक्षणा आश्रयितुं न युक्ता।
मीमांसा-न्यायप्रकाश। आपदेव कृत। निर्णय सागर संस्करण। पृष्ठ ५०।

चत्वारि शृङ्गा त्रयो अस्य पादाः......

ऋ ४।५८।३॥

इस मन्त्र के गौण ही अर्थ किए गए हैं क्योंकि मुख्य (शाब्दिक) अर्थों में असम्भव दोष आता है। पूर्वमीमांसा १।२।४६ के शबर कृत भाष्य में यज्ञपरक तथा इसी सूत्र पर रामेश्वर सूरि कृत वृत्ति में सूर्यपरक, निरुक्त १३।७ में यज्ञपरक तथा गोपथ ब्राह्मण पूर्वभाग २।१६ में भी यज्ञपरक गौण अर्थ किया गया है।

Allegory was the device frequently resorted to .... in order to make a popular appeal and to preserve the tradition There are several stories or episodes in ancient literature, which are absured if taken literally. It would certainly be unwise to reject the entire story on account of such apparent absurdities, but one should try to look deeper beyond the literal meaning to extract the wisdom of the ancients. Tagore Century Volume, 1961, (p. 213)

ऊपर भी प्राचीन विद्वानों के आलंकारिक वचनों और कहानियों से लाभ उठाना कहा गया है।

पूर्वोक्त प्रमाणों में यास्क ने तथा दुर्गाचार्य और शंकराचार्य ने वेद वा उपनिषदों के मुख्य (शाब्दिक) असम्भव अर्थ को छोड़ कर गौण सम्भव अर्थ ही माने हैं। इसी से सिद्ध है कि वेद की सभी बातें बुद्धिपूर्वक हैं अतः सम्भव ही अर्थ लेना चाहिए।

बुद्धिपूर्वा वाक्यकृतिर्वेदे। वैशेषिकदर्शन ६।१।१।।

मायागन्धर्व-नगरमृगतृष्णिकावद्वा। न्यायदर्शन ४।२।३०।।

अनियतत्वेऽपि नाऽयौक्तिकस्य संग्रहोऽन्यथा बालोन्मत्तादिसमत्वम्। सांख्यदर्शन १।२६ ।।

असम्भवं हेममृगस्य जन्म तथापि रामो लुलुभे मृगाय.........

एष वन्ध्यासुतो याति खपुष्पकृतशेखरः......

युक्तियुक्तमुपादेयं वचनं बालकादपि। अन्यत् तृणमिव त्याज्यमप्युक्तं पद्मजन्मना। योगवासिष्ठ, मुमुक्षु-प्रकरण, सर्ग १८, श्लोक २-३ ।।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम्।
लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति ।।
चाणक्यनीति शास्त्र ।।

केवलं शास्त्रं समाश्रित्य न कर्त्तव्यो विनिर्णयः।
युक्तिहीने विचारे तु धर्मलोपः प्रजायते ।। बृहस्पतिः।

वेद में (और वैदिक ग्रन्थों में भी) जो आख्यान, उपाख्यान आए हैं उन का भी मुख्य (शाब्दिक) अर्थ नहीं लेना चाहिये। शाब्दिक अर्थ लेने से असम्भवादि दोष आते हैं। उनका मानुष इतिहास से कोई सम्बन्ध नहीं। उनका सम्भव अर्थ भी होता है जो प्राय: वर्तमान शाखा, ब्राह्मण आरण्यक, उपनिषद्, निरुक्त, निघण्टु के परिशीलन से भी मिल जाता है। स्थाली-पुलाक न्याय से इन्द्र और वृत्र का युद्ध ही लीजिए, जो कि इन्द्र (विद्युत्) और मेघ के संघर्ष का आलंकारिक वर्णन है—

रूपकल्पनयैवषा युद्धप्रवादा स्तुतिः ।............... नैवमवाक्यतत्त्वज्ञन मन्त्रार्थो विगाहितु शक्यः। गम्भीर-पदार्थो हि वेदः। निरुक्त १।१६ पर दुर्गभाष्य ॥

स पुनरयमितिहासः सर्वप्रकारो हि नित्यमविवक्षित-स्वार्थः। निरुक्त १०।२६ पर दुर्गाचार्य का भाष्य।

औपचारिकोऽयं मन्त्रेष्वाख्यानसमयः। नित्यत्व-विरोधात्। परमार्थेन तु नित्यपक्ष एव, इति नैरुक्तानां सिद्धान्तः। निरुक्तसमुच्चय वररुचिकृत ४।१४ ॥

'मनुष्या वा ऋषिषूत्क्रामत्सु देवानब्रुवन् को न ऋषिर्भविष्यतीति' एवमादि पुराकल्परूपोऽर्थवादः........॥ निरुक्त १३।१२ पर दुर्गाचार्य भाष्य।

आख्यायिकारूपोऽर्थवादः—'पुरुषं वै देवाः पशुमालभन्त तस्मादालब्धान्मेध उदक्रामत् ...'। इत्यादि ॥

मीमांसाबालप्रकाश, भट्टशंकरकृत, पृष्ठ ५०, अर्थवाद-भेदनिरूपणां प्रकरण ॥

एवमाख्यानस्वरूपाणां यज्ञमाने नित्येषु च पदार्थेषु योजना कर्त्तव्या, एष शास्त्रे सिद्धान्तः। तथा च वक्ष्यति-'तत् को वृत्रः ? मेघ इति नैरुक्ताः (निरुक्त २।१६।।) इत्यादि । .... औपचारिको मन्त्रेष्वाख्यानसमयः, परमार्थेन तु नित्यपक्ष इति सिद्धम् ।

निरुक्त २।१२ की स्कन्द महेश्वरकृत टीका ।।

सर्वे इतिहासाश्चार्थवादमूलभूताः । ... ...तत्र मुख्ययुद्ध सम्भवाभावादौपचारिकी उपमालक्षणार्थेन युद्ध-वर्णना ।

निरुक्त, स्कन्दमहेश्वर टीका, भाग २, पृष्ठ ९३ ।।

तत्रोपमार्थेन युद्धवर्णा भवन्ति ।

(निरुक्त २।१६ ।।) इस पर दुर्गाचार्यकृतभाष्य—

'तत्र' एवं सति उदकतेजसोरितरेतर प्रतिद्वन्द्वभूतयोः 'उपमार्थेन' रूपकल्पनया 'युद्धवर्णा भवन्ति' इति । युद्ध रूपकाणीत्यर्थः । न ह्यत्र यथा-भूतं युद्धमस्ति, न हीन्द्रस्य शत्रवः केचन सन्ति । ....विज्ञायते च—तदाहुर्नैतदस्ति यद्दैवासुरमिति यदिदमन्वाख्याने त्वदुद्यत इतिहासे त्वत् । तस्मादेतदृषिणाभ्यनूक्तम्—'न त्वं युयुत्से कतमच्चनाहर्न्न तेऽमित्रो मघवन् कश्चनास्ति । मायेत्सा ते यानि युद्धान्याहुर्न्नाद्य शत्रुन्न नु पुरा युयुत्से ।

शब्रा ११।१।६।९,१०।। (ऋग्वेद १०।५४।२ भी देखो)

कई साम्प्रदायिक लोग शैतान (=इबलीम) को सचमुच का ऐतिहासिक व्यक्ति, परमात्मा का विरोधी, पाप का देवता, सर्प के रूप वाला समझते हैं, परन्तु उनका यह असम्भव विचार वैदिक ग्रन्थों के आलङ्कारिक अर्थ को न समझने से ही उत्पन्न हुआ। क्योंकि वृत्र (=इलीविश) और इन्द्र का आलंकारिक युद्ध वैदिक ग्रन्थों में कहा गया है। वृत्र, शत्रु, सर्प रूप, (अहि), सोम, चन्द्रमा, उदर और मेघ को कहा गया है। पापी होने के कारण दुष्ट मन का भी वाचक शैतान (=स्तेन) है। अधिकतर वृत्र और इसके पर्याय मेघ के अर्थ में ही आए हैं—

(वृत्र=पाप) 'वृत्रहणं पुरन्दरम्' (यजु ११।३३)

इति पाप्मा वै वृत्रः, पाप्महनं पुरन्दरम् इत्येतत् ।

शब्रा ६।४।२।३॥

पाप्मा वै वृत्रः । शब्रा ११।१।५।७॥१३।४।१।१३॥

(वृत्र=शत्रु—) 'त्वयाय वृत्रं बधेद्' (यजु १०।८)

इति त्वयायं द्विषन्तं भ्रातृव्यं बधेदित्येवैतदाह ।

शब्रा ५।३।५।२८॥

And yet there are many passages in which the word Vritra, has the significance of enemy in general. Mouier's Sanskrit Texts, Vol. II, page 389.

(वृत्र=अहि=सर्प—) अमरकोषः । नानार्थवर्गः, २३८—अहिर्वृत्रेऽपि ··

(The serpent=devil said unto the woman Eve :—)

'For God doth know that in the day ye eat thereof, then your eyes shall be opened, and ye shall be as gods, knowing good and evil Old Testament, Genesis, III. 1,5,14.

Ahi=serpent and Vritra

Sanskrit English Dictionary by Mouier-Williams

(वृत्र=सोम—) वृत्रो वै सोम आसीत् ।

शब्रा ३।४।३।१३॥

३।९।४।२॥४।२।५।१५॥ तुलना करो—१।६।३ १७॥

सोमो वृत्रः । काठसं २९।१॥

(वृत्र=चन्द्रमा—) अथैष एव वृत्रो यच्चन्द्रमाः ।

शब्रा १ ६।४।१३,१८॥

(वृत्र=उदर—) (इमाः प्रजाः) अस्माऽएवैतद् वृत्रायोदराय बलिं हरन्ति ।

शब्रा १।६।३।१७॥

उदरं वै वृत्रः, क्षुत् खलु वै मनुष्यस्य भ्रातृव्यः ।

तैसं २।४।१२।६॥

वृत्र (=शैतान=स्तेन) को जो पापमय या पाप में प्रवृत्त कराने वाला कहा गया है वह विद्वानों के निर्णय के अनुसार मन ही है जो कि पाप में प्रवृत्ति का कारण है—

मनो वा असुरम् । जै उपब्रा ३।३५।३ ।(३।६।७।३॥)

यत्कृष्णं तदपां रूपमन्नस्य मनसः......।

जै उप ब्रा १।२५।९॥

अनृतं वै वाचा वदति, अनृत मनसा ध्यायति ।

तैब्रा १।१ ४।१॥

दुष्टमन=स्तेन=शैतान—Satan—

स्तेनं मनोऽनृतवादिनी वाक् । मैसं ४।५।२॥

हंसी आती है मुझे हजरते इन्सान पर
फेले-बद (दुष्ट कर्म) तो खुद करे
और लाअनत (धिक्कार) करे शैतान पर ॥

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।
बन्धाय विषयासङ्गि, मोक्षो निर्विषयं स्मृतम् ॥
मैत्र्युपनिषत्

आजकल के बुद्धिमान् लोगों के मतानुसार पाप करने का उत्तरदायित्व मनुष्य के अपने ऊपर है (न कि शैतान नामक किसी असम्भव और लोकोत्तर शक्ति के ऊपर)। इस लिये शैतान की सत्ता में भी तत्तत् सम्प्रदाय के लोग शंका करने लग पड़े हैं :—

Devil—

His existence and that of his attendant spirits is clearly taught by Christ and throughout the N. T. Yet there has been a tendency among protestant liberal theologians to deny it, for many reasons. (Every Man's Encyclopedia, page 367 of Vol 4).

(Devil is a personification of Evil :—)

As the responsibility for evil in recent times has been saddled more definitely upon man himself, modern theological thought has become somewhat dubious about the actual personality of the Devil (Page 225). Encyclopedia of Religion, by Vergilius Ferm, published by Littlefield Adams & Co., U. S. A.

पारसियों के मतानुसार भी यही निश्चित होता है कि दुष्ट मन ही वास्तव में शैतान है—

"Ahurmazda", who produced the reality (gaya) is called

Vohumano, 'the good mind'. The other through whom 'non-reality' (ajyaiti) originates, bears the name Akam-mano, the 'evil mind'. The good, true and perfect things which fall under the category of reality are the productions of the good mind, while all that is bad and delusive belongs to the sphere of non-reality, and is traced to the evil mind.

(From some Zoroastrian book) Angra Mainyu (Devil) is often described as serpent.

Buddha & Mara (Namuchi, Kama) = devil are two main powers according to Buddhism.

Mara ... . the Evil one, the Tempter, (the Buddhist Devil or Principle of Destruction), Pali-English Dictionary by Rhys Davids & Stede.

मार=काम—अमरकोष १, स्वर्ग वर्ग २०॥

वृत्र [=अहि(=सर्प)=असुर] अधिकतर मेघ के अर्थों में आया है। देखो निघण्टु १।१०॥

अहिर्वृत्रो मेघः । ऋ १।३२।८ पर सायण भाष्य।

ऋ १।३२।१ पर स्कन्द भाष्य भी देखो।

"The dragon undergoes another transformation, becoming a long cloud flying in the air ..... The cloud becomes a snake again" Masks of God, vol. I Primitive Mythology page 303. It is an Australian myth.

अर्थात् आस्ट्रेलिया के जङ्गली असभ्य लोगों के भ्रमात्मक और असम्भव विचार के अनुसार भयङ्कर सर्प कभी मेघ वन जाता है और मेघ मे सर्प वन जाता है। उनकी यह बात भी वैदिक आलंकारिक (गौण) शब्दों को न समझ कर उनके मुख्य (शाब्दिक) अर्थ मान लेने के कारण हुई है। वैदिक ग्रंथों में तो स्पष्ट 'अहि'(=सर्प) मेघ के नामों में आया है।

देखो निघण्टु १।१०।।

The clouds are personified as demon called vritra or Ahi, and though the language is often hyperbolical, the original meaning of the myth is seldom completely lost sight of. But in the later poems, as the Mahabharata and Puranas, the natural phenomenon is entirely forgotten, and vritra is a literal king of the Asuras or Titans. (Page 274) (History of India by Elphinstone, 9th Edition, 1911)

अर्थात् वृत्र का आलंकारिक अर्थ मेघ है।

इब्लीस(=इलीबिस—देखो ऋ १।३३।१२।।) शैतान का नाम कुरआन में आया है। और उसे अग्नि वे उत्पन्न माना गया है। तथा उसका वर्णन सच्ची घटना समझ कर किया है—(इब्लीस खुदा से) बोला कि मैं उस (आदिम) से उत्तम हूं, तूने मुझे अग्नि से बनाया और उसे (आदिम) को तू ने माटी से उत्पन्न किया ।।७७।। कुरआन, सूरा ३८, आयत ७७ ।।

बाईबल, पुराना ऐहदनामा, जकरिया। १-३ में खुदा ने भी शैतान को अग्नि से निकाली जलती लकड़ी का टुकड़ा कहा है।।

वैदिक आलङ्कारिक वर्णन को न जानने के कारण ही इसे सच्ची ऐतिहासिक घटना मान लिया गया है। क्योंकि इब्लीस

(इलीबिश) वृत्र=मेघ का नाम है और उसकी उत्पत्ति भी अग्नि से कही है, अतः यह केवल प्राकृत वर्णन है जिसे नित्य इतिहास भी कह सकते हैं—

'इलीबिशस्य' ऋ १।३३।१२ ॥ ... इलीबिशस्य मेघस्य। निरुक्त ६।१९ पर दुर्गाचार्य का भाष्य। तथा स्कन्द-महेश्वरभाष्य-इलीबिशः। मेघोऽभिधेयः ॥

(इलीबिशः=) मेघ उच्यते । निघण्टु ४।३ पर देवराजयज्वभाष्य ॥

घ्नन् वृत्रासृजदपः। ऋग्वेद खिलानि। निविद्ध्याय ।२॥

अग्नेर्वै धूमो जायते, धूमादभ्रमभ्राद् वृष्टिः।
शब्रा ५।३।५।१७ ॥

अग्नेः (वत्सः) वृत्रः (आवरको धूमः—इति सायण-भाष्यम्)। तैब्रा १।१०।६।१३ ॥

ये अग्नयोअप्स्वन्तर्ये वृत्रे......अथर्व ३।२१।१ ॥

पारसियों के धर्म ग्रन्थ जेन्दावस्ता, बहराम येस्त १-२७ के अनुसार वेरेथूघ्न (वृत्रहन्=इन्द्र=परमात्मा) ने निम्नलिखित १० अवतार लिये—१. वायु, २. ऋषभ=वृषभ, ३. अश्व, ४. ऊंट, ५. वराह, ६. कुमार, ७. कौआ, ८. मेष, ९. मृग, १०. पुरुष ॥

अर्वाचीन संस्कृत ग्रन्थों में भी ईश्वर के दस अवतार माने गए हैं परन्तु उन के नामों में भारी भेद पाया जाता है—

महाभारत, शान्तिपर्व, ३४०।३-४।। नरसिंहपुराण ५३।१६-३५।।५४ ४।। जयदेव कृत गीतगोविन्द १।१।। देवीभागवत ४।१६।५-१८।। हरिवंश पुराण १।४१।२६-१६५।। (यहां दसवें अवतार का नाम नहीं लिखा गया क्योंकि उस समय तक अभी अनिश्चित ही था)।। वायु पुराण, उत्तर भाग ३६।७१-१०४।। अथवा पूना संस्करण अ. ९८।। और ब्रह्माण्ड पुराण, वेङ्कटेश्वर संस्करण, मध्य भाग, उपोद्घातपाद ७३।७२-१०५।।७२।७६।८१।।

इन दोनों पुराणों में दशावतारों की मिलती-जुलती सूचियां हैं। इन दश अवतारों के नामों की भिन्न २ सूचियों से ही सिद्ध है कि दशावतारवाद के ऐतिहासिक घटना होने की कल्पना ही पीछे की गई। वास्तव में बात यह है कि विष्णु का दश की संख्या, विशेषतः दश दिशाओं से घनिष्ठ सम्बन्ध है। व्यापनशील विष्णु का दशों दिशाओं में (अर्थात् सर्वत्र) व्यापक होना ही उसके दश गौण रूप हैं। विष्णु और इन्द्र का घनिष्ठ और तादात्म्य सम्बन्ध—'विष्णुः' (ऋ १।६१।७)=इन्द्रः। निरुक्त ५।४ पर दुर्गभाष्य।

इन्द्रस्यात्मानं दशधा चरन्तम्। तैआ ३।११।१।।

सायण भाष्य—इन्द्रस्य परमेश्वरस्य आत्मानं निजस्वरूपं दशधा चित्तिः, स्रुक्......(तैआ ३।१।१।।) इत्यादि दशहोतृमन्त्रे प्रतिपादितैराकारैः......।।

(विष्णुः=इन्द्र—) 'विष्णोः' [अथर्व ७।४८ (४६)।३।।]= व्यापनशीलस्य देवस्य, इन्द्रस्य वा। सायणभाष्य।।

इसके अतिरिक्त यज्ञ, सूर्य तथा अन्न को भी 'विष्णु' कहा गया है। इन सब का भी दश की संख्या से विशिष्ट सम्बन्ध है—

विष्णवाशानां (दिशाम्) पते । तैब्रा ३।११।४।१॥

विष्णुर्न ईडित ईडितव्यैर्देवैर्दिश्यैः पातु ।
काठसं ३५।२॥ (५।५ भी देखो)॥ कपिष्ठल कठसं ४८।३॥

दश दिशः । शब्रा ६।३।१।२१॥८।४।२।१३॥

विष्णुना देवतया दशमया......... ।
काण्व सं ११।४३॥ तथा देखो शब्रा ५।४।५।१-८॥
तैब्रा १।८।३।१-२॥

महाभारत, अनुशासन पर्व, १४७।२-३ में विष्णु दशबाहु कहा गया है।

(विष्णु=यज्ञ—) यज्ञो वै विष्णुः । कौब्रा ४।२ ।

यज्ञो विष्णुः। शब्रा १।१।२।१३॥ तथा १।९।३।९॥ भी देखो।

स उ एव मखः [=यज्ञः], स विष्णुः ।
शब्रा १४।१।१।१३॥ तथा १।९।३।९ भी देखो॥

यज्ञो वै मखः । तैब्रा ३।२।८।३॥
(यज्ञ का दश की संख्या से विशिष्ट सम्बन्ध—)

अथ द्वंद्वं पात्राण्युदाहरति—शूर्पं चाग्निहोत्रहवणीञ्च...
...तद् दश...... । शब्रा १।१।१।२२॥

अन्तो वा एष यज्ञस्य यद् दशममहः । तैब्रा २।२।६।१॥
यज्ञो वै दशहोता । तैब्रा २।२।१।६ ॥

दश ते तन्वो यज्ञ यज्ञियाः । तैब्रा ३।७।५।११ ॥

(विष्णु=सूर्य—) स यः स विष्णुर्यज्ञः सः ।

स यः स यज्ञोऽसौ स आदित्यः ।
शब्रा १४।१।१।६ ॥ तथा देखो ६।५।२।१॥१४।१।३।५॥
तैब्रा ३।२।८।३ ॥ ताब्रा ७।५।६ ॥
(सूर्य का दश की संख्या से सम्बन्ध—)

रश्मिभिर्दशभिः (ऋ ९।९७।२३ ॥)

आ दशभिः खेदयः (ऋ ८।७२।८॥)

(विष्णु=अन्न—) यत्तदन्नमेष स विष्णुर्देवता ।
शब्रा ७।५।१।२१ ॥

विश्वभृद्वै नामैषा तनूर्भगवतो विष्णोर्यदिदमन्नम् ।
मैत्र्युपनिषद् ६।१३ ॥

स चरुं कुर्वीताग्नेर्घृतं. विष्णोस्तण्डुलाः । तैसं ५।५।१।५॥
अन्न का दश की संख्या से सम्बन्ध) —)

दशग्राम्याणि धान्यानि भवन्ति—व्रीहियवास्तिलमाषा अणुप्रियंगवो गोधूमाश्च मसूराश्च खल्वाश्च खलकुलाश्च ।
शब्रा १४।९।३।२२ ॥

अवतार २४ भी माने जाते हैं। बौद्ध भी बुद्ध से पूर्व २४ बोधिसत्त्व तथा जैन २४ तीर्थंकर मानते हैं। इन सबका कारण यही है कि विष्णु रूपी यज्ञ को सूर्य. प्रजापति और संवत्सर गहा गया है। संवत्सर के २४ अर्धमास होते हैं। वही उस के २४ अंश हैं। यह तत्त्व न जानकर २४ सचमुच के अवतार मान लिए गए। विष्णु=सूर्य, यज्ञ, प्रजापति और संवत्सर पर्याय कहे गए हैं—.

संवत्सरो यज्ञः। शब्रा ११।२।७।१ ॥

एष वै संवत्सरो य एष (आदित्यः) तपति।
शब्रा १४।१।१।२७ ॥

संवत्सरो यज्ञः प्रजापतिः। शब्रा १।२।५।१२ ॥

चतुर्विंशत्यर्धमासो वै संवत्सरः। ऐब्रा ८।४ ॥

अन्वेषण द्वारा जिन उपाख्यानों का गौण आलंकारिक अर्थ ज्ञात हुआ, स्थाली-पुलाक न्यायद्वारा उससे यह तो निश्चित हुआ कि असम्भव होने के कारण उनका मुख्य (शाब्दिक) अर्थ कभी नहीं लेना चाहिये। और उनका गौण अर्थ ढूंढना चाहिये। बाईबल में सचमुच के इतिहास के रूप में आया है कि उन्होंने (नूह की कुल के लोगों ने) आपस में कहा—आओ हम ईंटें बनाएं और उनको आग में खूब पकाएं। सो उन्होंने पत्थर की जगह ईंट से और चूने की जगह गारे से काम लिया। फिर वह कहने लगे कि आओ हम अपने वास्ते एक शहर और एक बुर्ज जिसकी चोटी आसमान तक पहुचे बनाएं ······· खुदावन्द उस शहर और बुर्ज को··· ···· देखने को उतरा। और खुदावन्द ने उनकी ज़बान में भेद डाल दिया तब वह शहर और बुर्ज बनाने में असफल रहे—

पुराना ऐहृदनामा, उत्पत्ति, ११।१-९ ॥

यह विचार वैदिक साहित्य के इस औपचारिक उपाख्यान से लिया गया प्रतीत होता है—

कालकाञ्जा वा असुरा इष्टका अचिन्वत, दिवमारोक्ष्यामा इति । तानिन्द्रो ब्राह्मणो ब्रुवाण उपैत्, स एतामिष्टकामप्युपाधत्त, प्रथमा इव दिवमाक्रमन्ताऽथ स तामाबृहत्, तेऽसुराः पापीयांसो भवन्तोऽपाभ्रंशन्त । मैसं १।६।९ ॥ देखो—काठसं=८।१ ॥ कपिष्ठलकठसं ६।६ ॥ तैब्रा १।१।२।४-६ ॥ शब्रा २।१।२।१३-१७॥ कौषीतक्युपनिषद् ३।१॥ अथर्व ६।८०।२॥ पैप्पलाद सं १९।१६।१४ । cf. Homer, Od XI. 305-325.

वेद में भूतकाल वाली क्रिया का अर्थ प्रायः वर्त्तमान आदि काल वाली क्रिया में विकल्प से किया गया है, इस से भी इस बात की पुष्टि होती है कि वेद में इतिहास नहीं है—

छन्दसि लङ्लुङ्लिटः । अष्टाध्यायी । ३।४।६ ॥

देवो देवेभिरागमत् (ऋ १।१।५ ॥)

इदं तेभ्योऽकरन्नमः (ऋ १०।८५।१७ ॥)

अद्या ममार (ऋ १०।५५।५ ॥)

म्रियत इत्यर्थः ।

